प्रो0 ओ0पी0 सिंह
अधिष्ठाता छात्र कल्याण
ई–मेलः **dean.sw@aktu.ac.in**

डा0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
उत्तर प्रदेश, लखनऊ
सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ–226031

पत्रांकः ए0के0टी0यू0/अधि0 छात्र क0/2024/253 **दिनांकः 25 सितम्बर, 2024**

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः–मा0 प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिवस 17 सितम्बर से महात्मा गॉधी के जन्म जयन्ती 02 अक्टूबर, 2024 के मध्य चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत विभिन्न तकनीकी संस्थानों/महाविद्यालयों में आयोजित होने वाले संभाषण प्रतियोगिता के संबंध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय के संबंध में मा0 आशीष पटेल जी, मा0 मंत्री, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 सरकार, लखनऊ एवं प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 सरकार द्वारा दिये गये मौखिक निर्देशों के अनुक्रम में अवगत कराना है कि सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत आगामी 30 सितम्बर, 2024 को प्रदेश के सभी तकनीकी संस्थानों/महाविद्यालयों में **'आत्म निर्भर भारत'** विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है।

अतः उक्त के संबंध में आपसे अपेक्षा है कि **'सेवा पखवाड़ा'** के अन्तर्गत आगामी 30 सितम्बर, 2024 को संस्थान स्तर पर छात्र/छात्राओं/संकाय सदस्यों/कर्मचारियों द्वारा **'आत्म निर्भर भारत'** विषय पर **भाषण प्रतियोगिता** कराते हुए उसकी सूचना दिये गये गूगल लिंक https://forms.gle/C7E77HLiaEPXeKxU9 पर दिनांक 01.10.2024 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(प्रो0 ओ0 पी0 सिंह)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण

<u>प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–</u>

1. कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. समस्त अधिष्ठाता/जन सम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

(प्रो0 ओ0 पी0 सिंह)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण